


## एक नजर में

### उत्तम शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : उप मुख्यमंत्री




इंदौर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुमुखी विकास हो रहा है। यह अमृतकाल चल रहा है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है. आने वाले दिनों में भारत, जर्मनी को पीछे छोड़ दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कतार में है।2047 में भारत विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा होगा और इस बात की पूरी संभावना है कि भारत अमेरिका और चीन जैसे शक्तिशाली देशों को भी पीछे छोड़ देगा. यह बात उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कही. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल इंदौर के रवीन्द्र नाट्य गृह में आयोजित इंदौर जिद्दी है, अब लड़ेंगे डायबिटीज और मोटापे से कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे. इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव विशेष रूप से उपस्थित थे. इस मौके पर अतिथियों ने इंदौर जिद्दी है, अब लड़ेंगे डायबिटीज और मोटापे से कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया. साथ ही अतिथियों ने स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन करने के साथ आधुनिक मशीनों पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण भी कराया. उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज राईट टू एजुकेशन और राईट टू हेल्थ हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और अब राईट टू स्क्रीनिंग का अधिकार भी मिल गया है. अत: अब हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की जांच कराना चाहिए, ताकि वह पूर्णत: स्वस्थ रह सकें. देश में डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कैंसर, मोटापे आदि रोगों के मरीज तेजी से बढ़ते जा रहे हैं।इसी को रोकने के लिए राज्य शासन ने यह कार्यक्रम इंदौर में आयोजित किया है। इंदौर रचनात्मक कार्यों में हमेशा से आगे रहा है. यह शहर स्वच्छता में आगे होने के साथ अब स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आगे होगा. इस अभियान में 65 प्रकार की जांचें होगी. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आगे कहा कि देश में इसके पूर्व इतने बड़े पैमाने पर कोई स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं चलाया गया, जिसमें हर व्यक्ति की सभी प्रकार की जाँचे करायी जा सकें.

### तिरंगा यात्रा के कारण पूरा शहर जाम



इंदौर. आज शाम शहर में निकली तिरंगा यात्रा से पूरे शहर में जाम लग गया. स्थिति यह हो गई थी कि यात्रा शाम को थी, लेकिन शहर में यातायात जाम दोपहर 12 बीज से ही लग गया था. जाम लगने का कारण यह था कि मुख्यमंत्री तिरंगा यात्रा में भाग लेने आने वाले थे. घर घर तिरंगा अभियान के तहत आज शहर के जनता और वाहन चालक बहुत परेशान हुए. शाम 4 बजे निकलने वाली यात्रा के लिए पुलिस ने दोपहर से कई सड़कों पर बेरीकेट्स लगाकर रास्ते बंद कर दिए थे. हालत यह हो गई कि वैकल्पिक मार्ग पर भी यातायात जाम हो गया. तिरंगा यात्रा राजबाड़ा से निकलने वाली थी, लेकिन जाम शहर के लगभग हर सड़क पार देखने को मिला. दोपहर 3 बजे बाद तो स्थिति यह हो गई कि शहर के हर चौड़े बड़े रास्तों पर वाहन रेंगते नजर आने लगे. इतना ही नहीं जाम में मुख्य भूमिका भीड़ के लिए बसों ने अदा की. राजबाड़ा के आसपास के मुख्य मार्ग हरसिद्धि, किशनपुरा, निगम चौराहा, बड़ा गणपति, भाट मोहल्ला, जूनी इंदौर, हाथी पाला पुल, संजय सेतु, नंदलाल पूरा, जवाहर मार्ग, रामबाग, सुभाष मार्ग, राजकुमार ब्रिज, सियागंज, शास्त्री ब्रिज, पटेल ब्रिज, एमटीएच कंपाउंड, रानीपुरा, रीगल चौराहा, मधुमिलन चौराहा, हाईकोर्ट चौराहा, रेसकोर्स रोड, मालवा मिल, चिकमंगलुर चौराहा, मरीमाता चौराहा, कलेक्ट्रेट चौराहा, टॉवर चौराहा, छावनी और आरएनटी मार्ग पर बुरी तरह वाहन चालक परेशान होते रहे. उक्त सभी जगहों से निकलने में आम जनता और शहर छोटे छोटे वाहन चालकों घंटों जाम में फंसे रहे, जिस रास्ते पीआर वाहन चालक जा रहे थे उस रास्ते पर जाम लगा हुआ था.





# आज दशहरा मैदान पर कलेक्टर फहराएंगे तिरंगा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगी

## नगर निगम, विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड से लेकर जिला प्रशासन के दफ्तर तक फहराया जाएगा तिरंगा

- शहीद पार्क से फव्वारा चौक तक निकली तिरंगा
- हर घर तिरंगा अभियान में आम जन से लेकर अधिकारी और जनप्रतिनिधि हो रहे हैं शामिल

**उज्जैन।** प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान चल रहा है, जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर जिला प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी और स्कूली छात्र छात्राएं भी शामिल हो रहे हैं, उज्जैन में 15 अगस्त के पूर्व संध्या पर भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रदेश के अन्य जिलों की भाति जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह दशहरा मैदान में संपन्न होगा। मुख्य समारोह के कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल की तैयारियों का कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने निरीक्षण किया।

**कलेक्टर फहरायेंगे तिरंगा**– आज मुख्य अतिथि कलेक्टर रौशन कुमार सिंह रहेंगे। लंबे समय बाद उज्जैन कलेक्टर दशहरा मैदान पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराएंगे अब तक ये दायित्व मुख्यमंत्री, मंत्री, प्रभारी मंत्री द्वारा ही पूरा किया जाता रहा है। स्वतंत्रा दिवस समारोह के मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम के अनुसार रिहर्सल की गई।इस अवसर पर एडीएम अतेन्द्र सिंह गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी अधिकारीगण, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शेलेन्द्र व्यास स्वामी मुस्कराके एवं पद्मजा रघुवंशी ही आज करेंगे।

**फाइनल रिहर्सल**–परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह एवं द्वितीय परेड कमाण्डर सूबेदार, स्वाति कामले के नेतृत्व में 32वी वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, जिला होमगार्ड, 2 एन पी बटालियन एन सी सी भारतीय ज्ञानपीठ स्कूल, दस एमपी बटालियन विजियाराजे गर्ल्स स्कूल, दस एमपी बटालियन एन सी सी दशहरा मैदान, एमपी बटालियन एन सी सी शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधव नगर, एमपी नेवल एन सी सी, विजियाराजे एन एस एस स्कूल, शोर्य दल, स्काउट गाईड, शासकीय उत्कृष्ट विघालय, एन आर एस दल, 32 वाहिनी बेंड दल थे। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम के छात्र-छात्राओव मैं फाइनल रिहर्सल आयोजित की आज सभी के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

**हर घर तिरंगा रैली निकली**– 14 अगस्त 2025 को हर घर तिरंगा हर-घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सुबह 10 बजे से शहीद पार्क से तिरंगा यात्रा का आयोजन जिला प्रशासन, नगर निगम, उज्जैन स्मार्ट सिटी द्वारा किया गया जो कि टावर चौराहा, चामुंडा माता, मालीपुरा होते हुए फव्वारा चौक पर संपन्न हुई

**यह रहे मौजूद**–तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सर्वप्रथम शहीद पार्क से वीर अमर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए किया गया इस दौरान उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ जयति सिंह के साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठन, संस्थाएं, स्कूल के विद्यार्थी, एनएसएस के विद्यार्थी इत्यादि अपने हाथों में तिरंगा लिए रैली में शामिल हुए और इस आयोजन को सफल बनाया गया।

### परेड सलामी और सांस्कृतिक प्रस्तुति

स्वतंत्रा दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन संपन्न कराने के लिए संबधित अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दियें। फाइनल रिहर्सल के दौरान परेड की सलामी, परेड निरिक्षण, मार्च फास्ट, परेड कमांडरों से परिचय, राष्ट्रीय धुन के साथ हर्ष फायर, राष्ट्र गान , मध्यप्रदेश गान, स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा पीटी की गई। आज सांस्कृतिक प्रस्तुति भी स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा दी जाएगी।

# महिंद्रा शोरूम पर हादसा, करंट से झुलसे 3 युवक

### दो की हालत गंभीर होने पर इंदौर किया रेफर

**उज्जैन।** महिंद्रा शोरूम पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। करंट लगने के बाद तीन युवक बुरी तरह से झुलस गए। दो की हालत गंभीर होने पर इंदौर रेफर किया गया है एक का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि आगर रोड पर महिंद्रा का बड़ा शोरूम बना हुआ है जहां फोर व्हीलर गाड़ियों की बिक्री होती है। कुछ दिन से शोरूम के बाहर लगा डिस्प्ले बोर्ड बंद पड़ा हुआ था। जिसके संधारण के लिए मुंबई गीतांजलि डिस्प्ले के कर्मचारी अजय पिता सूरज प्रकाश तिवारी 30 वर्ष को बुलाया गया था। वह अपने सीहोर के रहने वाले प्रताप सिंह पिता तेज सिंह 35 वर्ष के साथ संधारण कार्य के लिए पहुंचा था। स्थानीय कर्मचारी शुभम पिता दिलीप राठौड़ 24 वर्ष निवासी राजीव नगर नीलगंगा के साथ मिलकर डिस्प्ले संधारण के लिए एल्युमिनियम की सीढ़ी लगाई जा रही थी। इस दौरान सीढ़ी ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन से टकरा गई और जोरदार धमाका हुआ। तारों में फॉल्ट होते ही तीनों युवक बुरी तरह से झुलस गए। जिन्हें समीप मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। अजय तिवारी और प्रताप सिंह की हालत गंभीर होने पर उन्हें तत्काल इंदौर रेफर किया गया। वहीं शुभम राठौर को उपचार के लिए चरक भवन में भर्ती किया गया है। जहां पहुंचकर पुलिस ने उसके बयान दर्ज कर घटना की जानकारी दर्ज की गई है। जांच के बाद ही घटनाक्रम की लापरवाही सामने आ पाएगी।

### महाकाल महालोक में गूंजे वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर के महाकाल महालोक के नीलकंठ पथ से हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर तिरंगा यात्रा निकली। यात्रा श्री महाकाल महालोक होती हुई श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर दर्शन तक निकली गई। तिरंगा यात्रा में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक व अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक के नेतृत्व में मंदिर में कर्तव्यरत समस्त वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारी व आउटसोर्स कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों ने तिरंगा लेकर सम्मिलित हुए।

मंदिर में भी देशभक्त की भावना ओतप्रोत- देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत इस यात्रा को वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंजायमान कर दिया। ज्ञात हो कि, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है।

# महाकाल मंदिर के कर्मचारियों का वेतन 3 प्रतिशत बढ़ाया

- वेतन बढ़ने की खुशी पर समिति ने जुलाई का वेतन 1 की जगह 13 अगस्त को जारी किया, राखी भी ठीक से नहीं मना पाए थे

उज्जैन। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों का वेतन इस बार से 3 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। समिति ने हाल ही में जुलाई 2025 का जो वेतन जारी किया गया है उसमें कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन ही दिया गया। इससे कर्मचारियों में भी खुशी है।

इस बार से 3 प्रतिशत तक इंक्रीमेंट हुआ है। जिससे हर कर्मचारी को पूर्व में मिलने वाले वेतन में 1000 से 1500 रुपए तक का लाभ होगा। समिति के इस फैसले से कर्मचारी फिलहाल तो खुश नजर आ रहे हैं। समिति में लगभग 300 कर्मचारी कार्यरत हैं जो मंदिर परिसर के अलावा कार्यालय व विभिन्न प्रकल्पों में पदस्थ है। हालांकि इस बार समिति ने 1 की बजाए 13 तारीख को वेतन जारी किया इससे कर्मचारियों को राखी का त्योहार भी बिना वेतन मनाना पड़ा।

### प्रथम कौशिक से एडीएम का चार्ज लिया, अब फुल प्रशासक

आईएएस प्रथम कौशिक से कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने हाल ही में आदेश जारी कर एडीएम का चार्ज ले लिया है। अब वे महाकाल मंदिर के फुट टाइम प्रशासक बन गए है। कलेक्टर ने एडीएम के पद पर अपर कलेक्टर अतेंद्र सिंह गुर्जर को नया चार्ज सौंपा है। इससे कौशिक अब मंदिर फुल टाइम सेवा दे सकेंगे। प्रशासक कौशिक 28 जनवरी 2025 को उज्जैन आए थे। तब से उनके पास एडीएम व प्रशासक दोनों पद की जिम्मेदारी थी।

उदासीन अखाड़ा के मुखिया श्री महंत - अद्वैतानंद महाराज ने किए महाकाल दर्शन श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के रमता पंच भारत के मुखिया महंत अद्वैतानंद महाराज ने उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह से दर्शन व पूजन, अर्चन किया। साथ में उज्जैन के मुकामी महंत देवीदास महाराज भी थे। मंदिर समिति ने उनका सम्मान किया।

# जन्माष्टमी शोभायात्रा के लिए यादव अहीर संगठनों की झांकियों का निर्माण जारी

- सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी होगा विचार-मंथन

इंदौर .जन्माष्टमी के महापर्व पर यादव अहीर समाज केंद्रीय समिति की मेजबानी में शहर के प्रमुख यादव अहीर संगठनों द्वारा 16 अगस्त को निकाले जाने वाले जुलूस की उत्साहपूर्ण तैयारियां की जा रही हैं . बड़ा गणपति चौराहा से सुबह 10 बजे निकलने वाले इस जुलूस में यादव अहीर संगठनों की ओर से अनेक आकर्षक झांकियां बनाने का काम जारी है . इस बार जुलूस में कुछ सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी विचार मंथन किया जाएगा. जुलूस में शामिल समाजबंधुओं को शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने में सहभागी बनाने और दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट पहनने का संकल्प भी दिलाया जाएगा.





### पुलिसकर्मियों को बांधे रक्षा सूत्र

इंदौर . रक्षाबंधन पर रोटरी क्लब ऑफ़ इंदौर मेघदूत के द्वारा सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए इंदौर पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस के साथ राखी सेलिब्रेशन का कार्यक्रम रखा गया. इसमें क्लब की महिला सदस्यों के द्वारा क्रमशः लगभग 100 सुरक्षा अधिकारियों को पुलिस हेडक्वाटर - पलासिया एवं लगभग 75 सुरक्षा अधिकारियों को इंदौर रेलवे जंक्शन पर रक्षा सूत्र बांधे गए .



### स्वतंत्रता दिवस समारोह का पूर्वाभ्यास

**इंदौर.** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्ण उत्साह एवं गरिमा के साथ मुख्य समारोह आयोजित किया जायेगा. यह कार्यक्रम महेश गार्ड लाइन स्थित आरएपीटीसी ग्राउण्ड पर होगा, समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. समारोह में कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा और परेड की सलामी ली जायेगी. इस बार समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया जायेगा.

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह और कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा आज समारोह स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया गया. इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त अमित सिंह तथा मनोज श्रीवास्तव, डीसीपी ट्रैफिक अरविन्द तिवारी, अपर कलेक्टर रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे. कलेक्टर आशीष सिंह ने समारोह के सुव्यवस्थित आयोजन के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की और उन्हें विभिन्न दायित्व भी सौंपे. इस अवसर पर समारोह की तैयारियों का पूर्वाभ्यास किया गया. पूर्वाभ्यास के दौरान पूर्ण गणवेश में विभिन्न प्लाटूनों ने परेड की. बताया गया कि इस बार भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा. मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों के 17 दल परेड में हिस्सा ले रहे हैं। परेड का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक आरएपीटीसी नीति दंडोतिया करेंगी. उनका अनुकरण टूआईसी सूबेदार सोनाली वास्कले करेंगी. समारोह में प्रथम वाहिनी और बीएसएफ का बैंड भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी देश भक्ति तथा लोकगीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ देंगे. समारोह में वर्ष भर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा.




### पवित्र छड़ी का पूजन, खलिफाओं का सम्मान

**इंदौर.** चिमनबाग स्काउट ग्राउंड में विधायक गोलू शुक्ला के नेतृत्व में वीर गोगा देव महाराज की पवित्र छड़ी का पूजन अर्चन किया गया. विधानसभा 3 से विभिन्न स्थानों से आई 20 छड़ियों का विधिवत पूजन हुआ.

कार्यक्रम में सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप कारोसिया ने वीर गोगा देव के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान के बाद गोगाजी वीर और ख्यातिप्राप्त राजा रहे. लोकमान्यताओं के अनुसार उन्हें सांपों के देवता के रूप में पूजा जाता है. इस अवसर पर वाल्मीकि समाज सहित विभिन्न समाजों के लोग, पार्षद और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे. विधायक गोलू शुक्ला ने कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया. विधायक शुक्ला ने उस्ताद खलीफा और सेवाइयों को शाल, श्रीफल सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह और 5000 रुपए का चेक प्रदान किया गया.

कार्यक्रम में दीपेंद्र सिंह सोलंकी, दिनेश वर्मा, रामदास गर्ग, चंद्रभान सोलंकी सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे. स्वागत सोनू कल्याण, प्रशांत क्रोशिया, टीनू चौहान, मुकेश कल्याणी, विपिन चिंतामणि, प्रदीप मोड, लकी करोसिया, कौशल करोसिया, अभिषेक खोड़े और अनंत खोड़े ने किया. संचालन नितेश खोड़े ने किया.

**कार्यक्रम** सराफा विद्या निकेतन के स्वर्ण जयंती महोत्सव में वैष्णवाचार्य आश्रय कुमार महाराज के आशीर्वचन

# बच्चे सोशल मीडिया का ज्यादा उपयोग न करें, प्रतिभा को साबित करें

नवभारत न्यूज

**इंदौर. सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा उपयोग अथवा उसके अभ्यस्त होने के नतीजे नुकसानदेह हो सकते हैं. आजकल सोशल मीडिया की प्रवृत्ति किशोर उम्र के बच्चों में बहुत तेजी से फैल रही है. यह एक दोधारी अस्त्र है, जिसका दुरुपयोग करेंगे तो हमारे कैरियर और चरित्र पर सवालिया निशान लग सकता है और यदि सदुपयोग करेंगे तो यह हमारे जीवन में मील के पत्थर की तरह हमारा मार्गदर्शन करने में सक्षम है. आज के बच्चों को समझना चाहिए कि हम स्वयं को पढ़ाई में इतना प्रावीण्य बनाएं, अपनी प्रतिभा को साबित करें कि परिवार, समाज, विद्यालय और शहर ही नहीं, सारा देश हमारी प्रशंसा करने के लिए मजबूर हो जाए. हमारा पहला लक्ष्य पढ़ाई होना चाहिए।**

ये विचार हैं वडोदरा (गुजरात) से पधारे युवा वैष्णवाचार्य गोस्वामी आश्रय कुमार महाराजश्री के, जो उन्होंने एमओजी लाइन स्थित सराफा विद्या निकेतन के स्वर्ण जयंती अवसर पर आयोजित आशीर्वचन कार्यक्रम में व्यक्त किए. प्रारंभ में संस्था के मंत्री प्रमोद नागर, संयोजक गोपाल नीमा, सतीश नीमा, न्यासी अनिल रांका, एसो. के मंत्री बसंत सोनी, अशोक शर्मा, रमेश गुप्ता, मनोज काठियावाड़ी एवं प्राचार्यद्वय आलोकदवे एवं श्रीमती सरिता शर्मा ने विद्वान वक्ता का स्वागत किया. स्वागत भाषण एवं परिचय संस्था के प्राचार्य आलोक दवे ने दिया. विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए महाराजश्री ने अपने प्रेरणादायी उदबोधन में कहा कि आत्मविश्वास, चरित्र और आत्म नियंत्रण के माध्यम से हम अपने कैरियर को उज्ज्वल और स्वर्णिम बना सकते हैं.




### आत्म विश्वास और नियंत्रण रखना होगा

सोशल मीडिया को जरूरत के अनुसार उपयोग करने की सलाह देते हुए महाराजश्री ने कर्म की अभूतपूर्व व्याख्या भी की . उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ हमें सम सामयिक विषयों पर भी अपने ज्ञान और विचारों का सामंजस्य रखना चाहिए . आज बच्चे छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव, अवसाद और अन्य समस्याओं से घिर रहे हैं . इनसे मुक्ति पाने के लिए हमें स्वयं पर आत्मविश्वास और आत्म नियंत्रण रखना होगा . संचालन किया श्रीमती सुनयना शर्मा ने और आभार माना मंत्री प्रमोद नागर ने .